आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 01.01.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- भारत के साथ ही पूरी दुनिया में नए साल का आगाज हो गया है। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने देशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।
- नए साल पर प्रदेश के पर्यटन स्थल सैलानियों से हुए गुलजार। पर्यटन व्यवसायियों में उत्साह।
- प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन कल से शुरू होंगे।
- और... प्रदेश में अगले दो–तीन दिन तक मौसम शुष्क बना रहेगा। हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर व देहरादून के मैदानी इलाकों में कोहरा छाए रहने का अनुमान।

..............................................................

नव वर्ष

भारत के साथ ही पूरी दुनिया में नए साल का आगाज हो गया है। देश में भव्य तरीके से नए साल का स्वागत किया गया। रात के 12 बजते ही आसमान में जमकर आतिशबाजी की गई।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देशवासियों को नववर्ष– 2025 की शुभकामनाएं दीं हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि लोग प्रसन्नता और उत्साह के साथ नववर्ष का स्वागत करें और समाज तथा राष्ट्र को एकता और उत्कृष्टता के मार्ग पर आगे ले जाएं।

राज्यपाल ने नव वर्ष पर प्रदेशवासियों से नई सोच, ऊर्जा और आशा के साथ 'देवभूमि' उत्तराखण्ड के समग्र विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड गठन के 25वें वर्ष को देवभूमि रजत जयंती वर्ष के रूप में मना रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन आकांक्षाओं की पूर्ति और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

..............................................................

नव वर्ष उत्सव

नए साल पर प्रदेश के पर्यटन स्थल सैलानियों से गुलजार हैं। हजारों पर्यटक औली, केदारकांठा समेत अन्य बर्फीले स्थानों पर कैंपिंग, ट्रैकिंग और हाइकिंग का लुत्फ उठा रहे हैं। नए साल पर पर्यटकों की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के खास इंतजाम किए हैं। देहरादून और मसूरी में बड़ी संख्या में पर्यटकों के पहुंचने पर पुलिस 24 घंटे गश्त कर रही है। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय

सिंह ने पर्यटकों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी हैं और उनसे यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह किया है।

प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्र में पर्यटकों की भीड़भाड़ वाले केदारकांठा, हर्षिल, दयारा क्षेत्रों में एसडीआरएफ, पुलिस, आपदा प्रबंधन के त्वरित प्रतिक्रिया दल की टीमें भेजी गई हैं। सैटेलाइट फोन, वॉकी–टॉकी, स्नो चेन, सर्चलाइट और अन्य जरूरी उपकरणों से लैस इन टीमों को बर्फ से ढके इलाकों में पर्यटकों की आवाजाही और अन्य व्यवस्थाओं पर नजर रखने को कहा गया है। सड़कों को सुचारू रखने के लिए संवेदनशील स्थानों पर आवश्यक मशीनरी और श्रमिक तैनात किए गए हैं। उत्तरकाशी के स्थानीय पर्यटन व्यवसायी चैन सिंह रावत का कहना है कि केदारकांठा में पर्यटकों के लिए सभी इंतजाम किए गए हैं।

.................................................................

राजस्व

प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2024–25 के शुरुआती नौ महीनों में खनन से 6 सौ 86 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई, जो गत वित्तीय वर्ष के कुल राजस्व 646 करोड़ रुपये से अधिक है। प्रदेश में वित्तीय अनुशासन बनाए रखने के लिए अपर मुख्य सचिव वित्त की अध्यक्षता में राजस्व अर्जित करने वाले विभागों के साथ पूरे वर्ष लगातार बैठकें की जा रही हैं। सरकार के ठोस प्रयासों से खनन में वर्ष दर वर्ष वृद्धि हो रही है। वित्तीय वर्ष 2019–20 में खनन से कुल 397 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। जो वित्तीय वर्ष 2024–25 में बढ़कर 29 दिसंबर तक 686 करोड़ रुपये हो चुका है, जबकि इस वित्तीय वर्ष में अभी तीन माह शेष हैं।

.................................................................

क्षय रोग परीक्षण

टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत चमोली जिले के जिला कारागार पुरसाडी में 40 कैदियों में तपेदिक रोग की जांच की गई। तपेदिक रोग जांच के तहत कैदियों का पोर्टेबल एक्स–रे मशीन के माध्यम उनके चेस्ट का एक्स–रे किया गया। इनमें से 21 संभावित मरीजों के बलगम का सैंपल लेकर सीबी नॉट टेस्ट के लिए भेजे गए।

.................................................................

चयन

चमोली के ज्योतिर्मठ सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा प्रिंसी पांडे और पौड़ी के राजकीय इंटर कालेज देवराजखाल की छात्रा सोहानी डंडरियाल का राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के लिए चयन हुआ है। इस प्रतियोगिता का आयोजन 3 जनवरी से 6 जनवरी तक भोपाल मध्य प्रदेश में होगा। प्रतियोगिता में देश भर के प्रतिभावान बाल वैज्ञानिक प्रतिभा करेंगे। प्रिंसी ने विज्ञान धाम देहरादून में आयोजित प्रतियोगिता में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

.........................................................................

कैलेंडर जारी

प्रदेश सरकार ने वर्ष 2025 के लिए सार्वजनिक अवकाश का कैलेंडर जारी कर दिया है। सचिव सामान्य प्रशासन विनोद कुमार सुमन की ओर से जारी कैलेंडर में कुल 25 सार्वजनिक अवकाश घोषित किए गये हैं। उत्तराखंड के हरेला, ईगास–बग्वाल पर सार्वजनिक अवकाश रहेगा। हरेला का अवकाश 16 जुलाई और ईगास–बग्वाल का अवकाश एक नवंबर को होगा। साथ ही होली पर दो दिन का अवकाश रखा गया है।

.........................................................................

आवेदन

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन कल से शुरू होंगे। भर्ती लिए 18 और 23 दिसंबर को शासनादेश जारी किया गया था। अभ्यर्थी कल से 31 जनवरी शाम पांच बजे तक www.wecduk.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है।

.........................................................................

प्रतियोगिता

पौड़ी जिले के यमकेश्वर विकासखंड के राजकीय इंटर कॉलेज दिउली में 'जंगल बचाओ, जीवन बचाओ' विषय पर दीवार लेखन का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और वनों को आग से होने वाले दुष्प्रभावों, जलवायु परिवर्तन और प्रकृति को संरक्षित करने के लिए संदेश दिया। इस दौरान शिक्षकों ने वनों के महत्व और उनके संरक्षण में सहयोग करने के लिए जागरूक किया।

.........................................................................

मौसम

प्रदेश में अगले दो–तीन दिन तक मौसम शुष्क रहेगा। इस दौरान हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर, देहरादून, नैनीताल और पौड़ी जिलों के मैदानी इलाकों में हल्का सा मध्यम कोहरा छाए रहने की संभावना है। देहरादून के मौसम वैज्ञानिक रोहित थपलियाल ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण 5 से 6 जनवरी के बीच पर्वतीय क्षेत्र में बर्फबारी और बारिश का अनुमान है।

बर्फ और पाले में वाहन फिसलने से दुर्घटना की आशंका के चलते पुलिस ने रात 10 बजे के बाद कालसी से चकराता जाने वाले वाहनों पर रोक लगाई है।

.........................................................................

और अब एक नजर समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....

घने कोहरे और शीतलहर के चलते प्रदेश में बढ़ती ठंड को सभी समाचार पत्रों ने पहले पृष्ठ पर स्थान दिया है। अमर उजाला लिखता है– पहाड़ से मैदान तक कडाके ठंड। इस खबर पर हिन्दुस्तान ने लिखा है– घने कोहरे ने थामी रफ्तार, शीतलहर से कांपे मैदान।

मणिपुर जातीय हिंसा पर मणिपुर के मुख्यमंत्री की माफी को सभी अखबारों ने प्राथमिकता दी है। नवोदय टाइम्स और हिन्दुस्तान ने लिखा है– जातीय हिंसा पर मणिपुर के सीएम ने मांगी माफी।

नव वर्ष के जश्न में डूबे उत्तराखंड के पर्यटक स्थल। जागरण सिटी ने लिखा– गीत–संगीत पर थिरक कर किया नववर्ष का स्वागत। हिन्दुस्तान ने लिखा है– दून और मसूरी में नाच–गाकर नए साल का स्वागत।

प्रदेश में निकाय चुनाव पर राज्य निर्वाचन आयोग के हवाले से दैनिक जागरण ने लिखता है कि नामांकन के अंतिम दिन कुल 6 हजार 4 सौ 96 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है।

..................................................................